दिनांक 22/11/202

प्रति,

अधीक्षण अभियंता

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत् वितरण कंपनी लिमिटेड

जिला - छिंदवाड़ा (मप्र)

विषय - ग्राम - मिरदाखेड़ा, ग्राम पंचायत - मनकू घाटी मे कम क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगाकर परेशान करने बाबत ।

महोदय,

उपरोक्त विषय मे निम्नलिखित समस्त ग्राम वासियो का निवेदन इस प्रकार है कि -

1. आरम्भ से ही हमारे ग्राम मे 200KVA क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगाया गया था, जिसके कारण हमारे गांव मे कभी कम वोल्टेज के कारण पानी की मोटर नहीं जलती थी और अन्य विद्युत् उपकरण भी ठीक चलते थे।

2. इसके बाद बीच बीच मे नवेगांव बिजली विभाग द्वारा किसी अन्य क्षेत्र का ट्रांसफार्मर ख़राब हो जाने पर हमारे गांव का ट्रांसफार्मर निकाल कर कम क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगाया जाता रहा है जिससे आए दिन हम लोग परेशान होते है ।

3.हमारे गांव से नियमित बिल भुगतान किया जाता है हमारे गांव मे आदिवासी समुदाय के लोग रहते है नवेगांव बिजली विभाग के अधिकारी अक्सर कहते है कि आदिवासी हो तो आदिवासी के जैसे रहो तुम लोगो को बिजली की कोई जरूरत नहीं है।

4. हालही मे हमारे गांव का ट्रांसफार्मर जोकि मात्र 25 KVA का है फिर से जल गया है जिसके कारण फसल सिंचाई नहीं हो पा रही है हमारे पास इतना रुपया नहीं है कि डीजल से बिजली बनाकर पानी का पंप चला सके।

5. अतः आपसे निवेदन है आप स्वयं आकर हमारे गांव की बिजली समस्या का शीघ्र निराकरण करें ताकि हम लोग जो साल भर हमारी बोई हुई फ़सल पर आजीविका का गुजारा करते है उसकी रक्षा कर जिन्दा रह सके।

धन्यवाद

समस्त ग्रामवासी

प्रतिलिपि - 1. मुख्य विद्युत् इंजीनियर, नयागांव, जबलपुर (मप्र).

Mkoyala
मन्नो

रामगोपाल कायदा
रमेश
हरिसिंग
ज्ञानि..दयाल

Scanned with OKEN Scanner

सन्तू शील्लू

अ.नि. मंगल

अमरसिंग शील्लू

सतरलाल

अ.नि. झलक

जगान

भयेलाल

अ.नि. रामदास

नजरसिंग शील्लू

अ.नि. रामलाल

अ.नि. किसराम

सुखराम भोया

अमरसींग

जगतसिंग शील्लू

मनोहरराम भोया

अजेश

मिथुन कायदा

(signature)

पारस कायदा

अ.नि. सुनिता

मनूबाई

लीलावती

Scanned with OKEN Scanner

संजू होडे

विजयसिंग

अमर लाल

Scanned with OKEN Scanner